

## एक नजर में

### नुक्कड़ नाटक द्वारा गोद नशा मुक्ति का संदेश

**ब्यावरा 20 जनवरी, का.** शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम नयापुरा में 7 दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर के पांचवें दिवस में कार्यक्रम अधिकारी डॉ केएन मीना के निर्देशन में प्रभात फेरी और परेड के पश्चात शिविर दर्पण प्रस्तुत किया. परियोजना कार्य में शिविरार्थियों ने श्रमदान किया. आज गोद ग्राम नयापुरा में शिविरार्थियों द्वारा नशामुक्ति के ऊपर एक रोचक और ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. मुख्य वक्ता के रूप में आये बैंक के पूर्व प्रबंधक एवं वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता राजगढ़ के राधेश्याम शर्मा द्वारा बौद्धिक सत्र में वित्तीय साक्षरता एवं सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर फ्रॉड विषय पर ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गई. स्वागत भाषण डॉ दिलीप गुप्ता द्वारा और आभार डॉ एचएल प्रजापति द्वारा किया गया. कार्यक्रम में प्रो. इंदिरा सांकवा, डॉ अवधेश टुंडेलकर, सुश्री क्षमा मरकाम सागर, भावना, सिमरन, बेबी उपाध्याय आदि उपस्थित रहें.

### नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व बताया

**ब्यावरा 20 जनवरी, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केन्द्र के द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर विशेष चारित्रिक निर्माण सत्र कराया गया. ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी राजगढ़ द्वारा विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में नैतिकता होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि यह हमें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने समाज में योगदान करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है. शिक्षा का मूल्य उद्देश्य ही है संस्कारवान चरित्रवान एवं मूल्यवान बनना . विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है. ब्यावरा पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बच्चों को एकाग्रता की शक्ति को कैसे बढ़ाएं विषय पर कहा कि एकाग्रता अर्थात मन बुद्धि की स्थिरता किसी एक लक्ष्य को केंद्र मानकर अपने मन के संकल्प को एकाग्र करना,रोज सुबह उठकर ध्यान एवं सकारात्मक संकल्प करे. अपने लक्ष्य को देखें इससे याददाश्त शक्ति भी बढ़ती है और धीरे-धीरे सभी नैतिक गुण जैसे अनुशासन ईमानदारी सच्चाई आने लगते है.

### जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

**सारंगपुर 20 जनवरी, सं.** श्रीसत्य साईं कान्वेंट स्कूल की तीन छात्र ने जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंर्तगत में भाग लिया और सारंगपुर ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. जिसमें बालिका शीतल सोलंकी पिता लाल सिंह सोलंकी जीवाजीपुरा, प्रियांशी विश्वकर्मा पिता दीपक विश्वकर्मा तारागंज , रितिमां पाटीदार पिता गिरिराज पाटीदार निपानिया इन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया. समापन में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ट्रॉफी और मेडल देकर छात्राओं को सम्मानित किया. स्कूल के डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया एवं प्रधानाचार्य केदार गोवेकर उप प्रधानाचार्य किरण जोशी और जिला को को संघ के सचिव भरत भैरवे कोच देव गिरजे तथा मोहित माथुर इन्होंने टीम को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी.

# स्कूली वाहनों पर 5 हजार का चालान

## जिला कलेक्टर के निर्देशों के बाद स्कूली वाहनों की जांच में पुलिस और परिवहन अमला उतरा सड़कों पर

### चैकिंग में सामने आएंगे कई अनफिट स्कूली वाहन, पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई









नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 जनवरी, का. राजगढ़ जिले में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने स्कूल बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया. यह कार्रवाई जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार की गई. जिसका उद्देश्य अवैध, असुरक्षित एवं नियमविरुद्ध संचालन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा. जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य के मार्गदर्शन में तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी अनामिका कोली के नेतृत्व में टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की जांच की.**

जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों और वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप संचालित हों. अभियान के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी), परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघनता से जांच की गई. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल बसों के विरुद्ध कुल 5000 की चालानी कार्रवाई की गई.

### राजगढ़ एवं ब्यावरा क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में जांच की गई

परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में बड़ी संख्या में ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसें बिना वैध बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र के संचालित हो रही हैं. इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध निरंतर चालानी और जब्ती की कार्रवाई की जाए. अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वे सभी सुरक्षा मानकों एवं कानूनी प्रावधानों का पूर्ण पालन करें, अन्यथा भविष्य में और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी. यह अभियान जिले में सुरक्षित, अनुशासित और नियमबद्ध परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है.

### हादसों के बाद फिर से अलर्ट

जिले में हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन और जिला परिवहन महकमा हादसों के बाद अलर्ट मोड पर आया है. बीते दिनों स्कूली वाहन खिलचीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें कई बच्चे घायल हो गए. वहीं इसके पूर्व तलेन में स्कूली वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया था. अब सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस चैक की जा रही है.



# सत्संग से साधकों को मिला आशीर्वचन, बच्चों ने पूछे प्रश्न

## श्रीराधा स्वामी सत्संग के पहले दिन उमड़ा सैलाब

नवभारत न्यूज

**करनवास/ब्यावरा 20 जनवरी, सं. पचोर रोड पर ग्राम दूधी के यहां स्थित श्री राधा स्वामी सत्संग आश्रम में मंगलवार को सत्संग का आयोजन हुआ. सत्संग के आयोजन के साथ ही बच्चों के द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दिए गये. आज बुधवार को भी सत्संग का आयोजन होगा.**

सत्संग में शामिल होने तड़के से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा. हाईवे पर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतार लग गई. प्रात 9 से 10 बजे तक सत्संग हुआ इसके बाद बच्चों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया गया. बच्चों ने कई ज्ञानवर्द्धक प्रश्न किए जिनका अध्यात्मिक महत्व के साथ बड़े ही सरल शब्दों में समझाते हुए प्रश्नों का उत्तर दिया.

### सेवादार लगे रहे व्यवस्थाओं में

सत्संग स्थल एवं आसपास बड़ी संख्या में सेवादार व्यवस्थाओं में लगे रहे. हर सौ मीटर पर सेवादार तैनात रहकर यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं को देख रहे थे. यहां साफ-सफाई की भी बेहतर व्यवस्था देखी जा रही है. बड़ी संख्या में पुलिस बल भी यातायात व्यवस्था में तैनात रहा. सत्संग के आयोजन में देश भर से बड़ी संख्या में साधक शामिल हो रहे है.



# राज्यमंत्री टेटवाल ने की संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** संकल्प से समाधान अभियान में शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र परिवार को दिलाने का एक संकल्प है. जिसके माध्यम से सभी अधिकारी-कर्मचारी गांव-गांव,घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों को चयन कर उसको लाभ दिलाएंगे.

यह बात प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री(स्वरतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने जनपद सभाग्रह में सचिव एवं सहायक सचिवों से संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए कही. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरुप सभी कर्मचारी अधिकारी हर पात्र व्यक्ति का चयन कर उसको लाभ दिलाएंगे,इसमें सभी विभाग शामिल है. पंचायत स्तर पर सरपंच,सचिव,सहायक,आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, पटवारी सहित जो भी दल में शामिल रहेंगे वे घर-घर जाकर सर्वे पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाएंगे.

जनपद पंचायत सीईओ द्वारा बताया गया कि संकल्प से समाधान का मलतब है हमें संकल्प लेना है कि जो पात्र व्यक्ति है उसका समाधान लाभ देकर हर हाल में करना है यह अभियान में चार चरणों में चलेगा. जिसमें प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी जो ग्राम पंचायत स्तर पर रहेगा.

दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च सेक्टर स्तर पर,तीसरा चरण 16 मार्च से 25 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर एवं चौथा चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा.

इस अभियान समस्त विभाग के आवेदन लेकर उनको ऑनलाईन कर उनका समाधान करना है. सभी सचिव एवं सहायक सचिव अभियान में कोई भी लापरवाही न करें क्योंकि निरीक्षण दल कभी भी किसी भी पंचायत में मानिटरिंग करेंगे.

### श्रीमती गुलाबबाई पटेल का गोलोकगमन



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 जनवरी, का.** स्थानीय सुठालिया रोड निवासी श्रीमती गुलाबबाई पटेल का मंगलवार को गोलोकगमन हो गया. वह काफी वृद्ध थी. स्वर्गीय श्री जगन्नाथ पटेल की धर्मपत्नी एवं रमेशचंद्र, चंदर, महेश, पूर्व पार्षद गोविंद पटेल और राजू पटेल की माताजी श्रीमती गुलाबबाई मीणा पटेल कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, रिश्तेदारों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### देव धर्म राज की कथा का चतुर्थ दिवस ग्राम एहसानपुरा में



**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 20 जनवरी, सं.** ग्राम एहसानपूरा में देव धर्म राज की कथा में चौथे दिन कथा वाचक देवीलाल मालवीय के ने कथा वाचन किया. देव धर्म राज के विवाह उत्सव कथा मे बडे हर्ष उल्लास से सभी भक्तजन ने नाचगाकर पूष्प वर्षा कर विवाह उत्सव मनाया. कथा का आयोजन लोधा लववंशी समाज ग्राम एहसानपूरा के सभी भक्तों द्वारा किया जा रहा है. कथा में बडी संखा में क्षेत्र एहसानपूरा निहाल राधानगर जयनगर गोपालपूरा तरलाखेडी के भक्तो ने रसपान किया. जिसमें प्रेमनारायण पटेल, बद्रीलाल, पूरालाल, प्रभुलाल (बाबूजी) उर्जनसिह, राधेश्याम, हिरालाल, प्रेमनारायण, शंकर लाल, देवनारायण, मांगीलाल, लक्ष्मीनारायण, पूर्व सरपंच पीरूलाल लाइनमैन, रमेशचंद्र, दयाराम लाइनमैन, भोलाराम, सेवाराम, शोभाराम, लाडसिंह लववंशी, रामगोपाल, मनोहर, प्रकाश, इंदरसिंह, कुमेरसिंह, दुर्गाप्रसाद, होकम सिंह, भगवानसिंह, रमेशचंद्र पटेल, बाबूलाल, मनीष लववंशी, विनोद लववंशी सहित क्षेत्रवासियो ने कथाश्रवण किया. ग्राम निहाल से मोहन लववंशी भाजपा मिडिया प्रभारी ने देव धर्म की पूजन की.





# जब-जब समय मिले रामनाम को जपते रहिए

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 20 जनवरी, सं.** नगर के बागवाला हनुमान मंदिर पर चल रही भागवत कथा में पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि भगवान राम कि कृपा राम नाम से हो जाती है जब जब समय मिले राम को जपते रहिये.

बलि चढ़ाने वाले व्यक्ति पहले आपको पसन्द करते हैं वह आपको खुश करेंगे फिर आपकी बलि दे देंगे ऐसे बनावटी दिखावे से बचें. भरत महाराज प्रसंग पर बताया कि मूर्ति में भगवान है. उन्होंने वर्तमान समय में अपने पुत्र पुत्रीयों के नाम जो रखें जा रहें उनपर कटाक्ष करते हुए कहा कि जैसा नाम वैसा काम वर्तमान समय में हमारे पुत्र पुत्री के नाम संस्कार भगवान के नाम पर आधारित रखें क्योंकि इन नामों के उच्चारण से आप ईश्वर से जुड़े रहते है. जीते जी मुक्ति का साधन खुद ढुढ लो क्योंकि नाम का प्रभाव बहुत है. आप भगवान के नाम रखेंगे तो भगवान भक्ति नाम उच्चारण होता रहेगा.

यही नहीं हमें प्रतिदिन भगवान नाम सुमीरन करते रहना चाहिए तो अंत समय में ईश्वर रूपी रास्ते खुले मिलेंगे. भगवान के भक्त तो ऐसे होते है जो सबके लिए अच्छा मांगते हैं ऐसा ही प्रहलाद ने अपने पिता के लिए अंत समय में परम धाम मांगा जो भगवान ने दिया. राम जन्म कथा संक्षिप्त में बताई तथा कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जहां पर महिला पुरुषों ने खूब नृत्य किया.

# नपा की जनसुनवाई में किया शिकायतों का निराकरण

## नपा ने किया जनसुनवाई का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 20 जनवरी, सं.** नगरीय क्षेत्र में जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन के संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 02 में सामुदायिक मांगलिक भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया साथ ही वरिष्ठालय के प्राप्त निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को जल सुनवाई शिविर आयोजन के निर्देश पर जल सुनवाई शिविर कार्य भी किया गया.

शिविर में उपस्थिति जलप्रदाय कार्य शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं पेयजल से वितरण से संबंधित शाखा में शिकायत आवेदन को त्वारित निराकरण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा निर्देश दिये गये. शिविर में पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार वार्ड क्रमांक 02 एवं निकाय कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया. शिविर में सुश्री सुनहरे के द्वारा अवगत कराया गया कि हमारा लक्ष्य नगर में शुद्ध पानी वितरण करना है चाहे पानी सप्लाय की मात्रा कम हो.

कार्यालय दिवस में निकाय में 11.00 से 12.00 के बीच नगर में जलप्रदाय से संबंधित समस्याओं शिकायती आवेदन जलप्रदाय शाखा प्रभारी को दिये जा सकेंगे. शिविर में संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत जन्म-मृत्यु संबंधी 17, पेंशन से संबंधित 07 व राजस्व नामांत्रण संबंधी 11 आवेदन प्राप्त हुए. जल सुनवाई अन्तर्गत पेयजल की उपलब्धता के संबंध में 02 हेण्डपंप सुधार के आवेदन भी प्राप्त हुए है.

### सात दिवसीय आवासीय शिविर का हुआ समापन

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद ग्राम कालीपीठ में आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का समापन हुआ. संस्था प्राचार्य डॉ. बीवी खरे द्वारा कैम्प फायर किया गया. शिविर के बौद्धिक सत्रों में प्रतिदिन विविध विशेषज्ञों द्वारा मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया गया. समापन दिवस के मुख्य कार्यक्रम का संचालन छात्र हर्ष एवं छात्रा आकांक्षा खरे ने उत्कृष्ट रूप से किया. शुरूआत डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़े, तथा माध्यमिक विद्यालय कालीपीठ के प्रधानाचार्य एवं अतिथियों द्वारा किया गया. दीपिका मेवाड़ द्वारा वंदना नृत्य एवं शिवानी सूर्यवंशी ने स्वागत नृत्य किया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बीवी खरे ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, निष्ठा एवं सेवाभाव की प्रशंसा की तथा समाजोन्मुखी गतिविधियों में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया.

## परीक्षा: कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का एक केन्द्र बढ़ा, अब 63 केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

# संवेदनशील केंद्रों पर तैनात रहेंगे पर्यवेक्षक

- बोर्ड परीक्षाओं में संवेदनशील केंद्रों पर होगी पैनी नजर
- पर्यवेक्षक, उड़नदस्ते रखेंगे नकलचियों पर नजर
- एसडीसम, तहसीलदार, डीईओ, बीईओ सहित अधिकारी होंगे उड़न दस्ते में
- जिले में 5 अति संवेदनशील एवं 8 संवेदनशील केंद्र





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 जनवरी, का.** फरवरी माह में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ होगी. इस बार एक केन्द्र बड़ा है, जिले में 63 केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालित होंगी. अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्रों पर नकल रोकने पैनी नजर रहेगी. प्रशासन द्वारा अधिकृत उड़नदस्ते के अतिरिक्त किसी को भी परीक्षा केन्द्र के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. विशेष बात यह है कि प्रत्येक अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्र पर पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे.

विदित है कि बोर्ड की कक्षा 12 वीं की परीक्षा 7 फरवरी से प्रारंभ होगी. जबकि कक्षा 10 वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरु होगी. इस बार जिले में एक केन्द्र बढ़ाया गया है, कुल मिलाकर 63 केन्द्रों पर परीक्षाएं होंगी. नया केन्द्र जीरापुर ब्लॉक के तहत शा. उमावि रामगढ़ को बनाया गया है.

**संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्र** - जिले में अति संवेदनशील केन्द्रों में शासकीय हाईस्कूल राजगढ़ रोड ब्यावरा, शा. मॉडल उमावि खिलचीपुर, शा. कन्या उमावि राजगढ़, शा. मॉडल उमावि सारंगपुर, हिन्द कॉन्वेंट नरसिंहगढ़ तथा संवेदनशील केन्द्रों में शा. बालक उमावि मलावर, शा. उमावि लखनवास, शा. उमावि पपडेल, शा. बालक उमावि खिलचीपुर, शा. उमावि करनवास, शा.उमावि माचलपुर, शा.उमावि कुरावर, शा. बालक उमावि बोड़ा शामिल है. संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्रों पर बोर्ड के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे. जिनमें सेवानिवृत्त कॉलेज के प्रोफेसर या फिर रिटायर्ड प्राचार्य भी शामिल हो सकते है.

**उड़न दस्ते में यह रहेंगे शामिल**

प्रशासन की और से तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभागीय स्तर पर डीईओ, बीईओ, डीपीसी, डाईट प्राचार्य, एडीपीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे. जिनके द्वारा सतत् रुप से परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा.

> इस बार कक्षा 10 वीं में 20 हजार 19 परीक्षार्थी तथा कक्षा 12 वीं में 14 हजार 847 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे. जिले में 63 केन्द्रों पर सुचारु रुप से परीक्षाएं संचालित की जाएगी. जीरापुर ब्लॉक के रामगढ़ में नवीन केन्द्र बनाया गया है.
>
> **भूपेन्द्र सिंह सांकला**
> **परीक्षा प्रभारी, जिला शिक्षा विभाग राजगढ़**